दैनिक
न्याय साक्षी

महत्वपूर्ण एवं खास

सरपंच पति की हत्या के 04 आरोपी गिरफ्तार, भेजे गये रिमाण्ड पर

आरोपियों द्वारा हत्या को सड़क दुर्घटना का रूप देने का किया गया था प्रयास, मर्ग जांच में हुआ खुलासा

रायगढ़। 22 फरवरी को सूचनाकर्ता रामकृष्ण चौधरी पिता मोहर साय चौधरी उम्र 55 वर्ष निवासी करनपाली ने ग्राम करनपाली के सरपंच पति जीतराम चौधरी पिता बालमुकंद चौधरी उम्र 45 वर्ष की मृत्यु के संबंध में मर्ग इंटिमेशन थाना बरमकेला में दर्ज कराया था। मर्ग जांच में पाया गया कि ग्राम करनपाली के चिपरी मौहा जंगल में रामलाल कलार के खेत जमीन पर सरपंच पति जीतराम चौधरी के द्वारा जोगी डबरी के नाम से तालाब खोदवा जा रहा था 21 फरवरी को रात्रि में मृतक जे.सी.बी. से तालाब खोदाई करवा रहा था। जे.सी.बी. का चालाक कुंजबिहारी कोडाकु जे.सी.बी. से मिटटी को यशवंत यादव, दिनेश साहू के ट्रेक्टर ट्राली में डाल रहा था तथा दोनों अपने-अपने ट्रेक्टर ट्राली से मिट्टी को मेड पार बनाने के लिए डाल रहे थे। जीतराम चौधरी जहां खड़ा था उस ओर यशवंत यादव मिट्टी डाल रहा था कि यशवंत यादव हत्या करने के नियत से जान बुझ कर अपने ट्रेक्टर ट्राली में भरे मिट्टी को जीत राम चौधरी के उपर हाईड्रोलिक ट्राली से मिट्टी डाल दिया जिससे जीत राम चौधरी की मृत्यु हो गई। इसके बाद घटना को यशवंत यादव, दिनेश साहू, उमेश पटेल तथा कुंजबिहारी कोडाकु चारो मिल कर एक्सीडेंट का रूप देने के लिए घटना स्थल से करीबन 500 मीटर दूर मयाधर बरिहा के खेत में बने गड्ढे में मृतक जीतराम चौधरी ले जाकर मोटर सायकल सहित डाल दिये थे। मर्ग जांच में घटना का खुलासा होने पर चारो आरोपीगण के विरूद्ध आज दिनांक 25.02.19 को 23/19 धारा 302,201,120 (B) IPC पंजीबद्ध कर आरोपी (1) यशवंत यादव पिता फागूलाल यादव उम्र 20 साल निवासी करनपाली (2) उमेश पटेल पिता शिवलाल उम्र 28 वर्ष निवासी चारभांठा आमापाली (3) दिनेश साहू पिता भुवनेश्वर साहू उम्र 32 साल निवासी कलगापार (4) कुंजबिहारी कोडाकु पिता रतिराम उम्र 23 वर्ष निवासी चिंगरीडीह थाना बरमकेला को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया है।

नशे की हालत में बाइक चलाना पड़ा भारी, पहुंचे अस्पताल

रायगढ़। नशे की हालत में अनियंत्रित रफ्तार से मोटरसाइकिल का चालन करना भारी पड़ गया जिसमें मोटरसाइकिल सहित दो व्यक्ति पुल से बेकाबू होकर गिर गए। जहां दोनों व्यक्ति को गम्भीर हालत मेकाहारा इलाज के लिए लाया गया है। मनसुखा व हरिप्रसाद निषाद दोनों उम्र क्रमशः 38 36 साल चंद्रपुर निवासी है। दोनों व्यक्ति सुबह शराब पीने के बाद चंद्रपुर से आगे टिमरलगा रोड की ओर किसी कार्य के सिलसिले में गए थे जहां अपना काम काज निपटाने कर वापस घर नशे की हालत में मोटरसाइकिल का चालान करते हुए आ रहे थे। इस बीच नाथलदाई मंदिर के पास पुल से नीचे मोटरसाइकिल सहित गिर गई। बताया जा रहा है मनसुखा बाईक का चालन काफी तेज गति से कर रहा था। दुर्घटना का शिकार होने के बाद स्थानीय लोगों ने किसी तरह घायलो को दर्द से कराहते हुए देखा और तत्काल डायल 112 की मदद से चंद्रपुर अस्पताल लेकर गए जहां आरम्भिक उपचार के बाद संजीवनी वाहन से मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया। जहां डक्टरों के मुताबिक पीड़ित की हालत चिंताजनक बताई जा रही है जिसका मुख्य कारण दोनों के शरीर पर काफी गहरी अंदुरुनी चोट आई है। इस एवज में दोनों को आईसीयू में रखा गया है।

राम मंदिर गांधी गंज में 11 दिव्यांग जोड़ों ने लिए एक साथ फेरे

शहर में निकाली गई ई.रिक्शा से ऐतिहासिक बारात

कलेक्टर यशवंत कुमार ने सभी जोड़ों को दिया आशीर्वाद

मारवाड़ी पंचायती धर्मशाला कमेटी सहित अन्य समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से हुआ दिव्यांगों का हुआ सामूहिक विवाह

रायगढ़। रायगढ़ शहर में पहली बार दिव्यांग युवक युवतियों का समूहिक विवाह कार्यक्रम आज राम मंदिर गांधी गंज में संपन्न हुआ है। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 11 दिव्यांग जोड़े परिणय सूत्र के बंधन में बंधें है। इस अनूठे कार्यक्रम में देश भर से चुने गए 11 दिव्यांग जोड़ों का हिंदू रीतिरिवाज से गायत्री परिवार के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ विवाह कराया गया। ऐसा आयोजन रायगढ़ शहर के इतिहास में पहली बार हुआ व इतिहास के पन्ने पर स्वर्णीम अक्षरों से दर्ज हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप रायगढ़ कलेक्टर यशवंत कुमार पहुंचे थे। कलेक्टर यशवंत कुमार सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं कलेक्टर ने सभी जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके अलावा कलेक्टर ने इस कार्यक्रम की जमकर तारीफ किये है साथ ही यह कार्यक्रम को आगे भी सुचारू रूप से जारी रखने की बात कही है।

मारवाड़ी पंचायती धर्मशाला समिति रायगढ़, छत्तीसगढ़ दृष्टि बाधित विकास संघ, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़, लायनेस क्लब रायगढ़ सिटी, स्पंज आयरन एसोसिएशन व इनर व्हील क्लब रायगढ़ सेंटर सहित शहर के व्यापारियों व अन्य लोगों के विशेष सहयोग से हुए इस समूहिक विवाह कार्यक्रम में आज 11 दिव्यांग जोड़ों को आशीर्वाद देने शहर से बड़ी संख्या में लोग व समाजसेवी संस्थाओं के सदस्य पहुंचे हुए थे।

वहीं इससे पहले सुबह 9.30 बजे मारवाड़ी पंचायती धर्मशाला से प्रदूषण के खिलाफ संदेश देने के उद्देश्य से शहर में ई.रिक्शा से ऐतिहासिक बारात निकाली गई। जिसमें सभी दूल्हे ई.रिक्शा में बैठकर नगर भ्रमण किये। जिसके बाद 11 बजे गायत्री परिवार के मंत्रोच्चार के साथ सभी जोड़ों ने फेरों की रश्म अदा की।

चूड़ी गोदम में अम्बाजी इंटरप्राइजेज में लाखों की हुई चोरी

रायगढ़। शहर में इन दिनों चहुओर चोरों का तांडव है। रात हो या फिर दिन का उजाला बेखौफ होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। बीते चार दिन के अंदर शहर के भीतर दूसरे बड़ी चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया है । नगदी समेत लाखों का माल ले उड़े है। वही इन अपराधियों के आगे कानुन के लंबे हाथ छोटे पड़ रहे है यह कहना गलत नही होगा।

इस क्रम में मोड़ा चूड़ी गोदम में स्थित अम्बाजी इंटरप्राइजेज में बीती रात अज्ञात चोरों ने लाखों का माल पार कर दिए है। वारदात कोतवाली थाना क्षेत्र शहर के मध्य घटित हुआ है। जिसमें थोक कपड़ा व्यवसायी कपिल बलानी पिता हरिश बलानी 25 वर्ष निवासी पंचवटी कलोनी है। रोजना की तरह हरीश दुकान को बंद कर घर गया था। वही बारिश होने के कारण दुकान का जायजा पुनः लगभग 12 बजे दुकान आया। जिसके बाद दुकान का मुआयना करने के बाद वापस घर चला गया। जहां सुबह दुकान खोलने आया तो अंदर का तिजोरी टूटा हुआ मिला। बताया जा रहा है कि रात्रि में चोरों ने दुकान की पीछे के हिस्से से पेड़ के रास्ते दुकान में सेंधमारी कर अंदर घुस गए। वही दुकान के आलमारी में रखे 2 लाख नगदी सहित 15 चांदी के सिक्के व 3 सोने के सिक्के चुराकर फरार हो गए। बहरहाल मामले में कोतवाली पुलिस अपराध दर्ज कर तफ्तीश में जुट गई है।

एसएफएल डाग स्क्रायड टीम ने किया मुआयना

चोरी की जानकारी सिटी कोतवाली को मिलने पर एसआई संतोष यादव, पूर्व क्राइम ब्रांच प्रभारी एसएन सिंह, इंगेश्वर यादव व डाग स्क्रायड, फोरेंसिक टीम की भी मौके पर पहुंचे और मुआयना किया।

चोरी की सूचना पर डाग स्क्रायड टीम भी आ गई जहां मौके की जांच पड़ताल के बाद खोजी कुत्ता सुभाष चौक होते हुए स्टेशन तक पहुंचा लेकिन उसके उपरांत हर बार की तरह भटक गया। इससे पुलिस अब तक किसी भी प्रकार का सुराग खोजने में नामक रही है।

नव देवांगन समाज रायगढ़ को शासन से मिली मान्यता

रायगढ़। नव देवांगन समाज रायगढ़ की एक आवश्यक बैठक गत दिवस कमला नेहरू पार्क में आयोजित की गई थी। जिसमें सर्वप्रथम पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों को समाज की ओर से श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात समाज के सभी लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए इस बात पर जोर दिया कि समाज में व्याप्त कुछ अप्रांसगिक नियमों को समयानुरूप परिवर्तन कर समाज के विकास में सही नीति-नियमों को अपनाने पर जोर दिया तथा सर्वसम्मति से इस बार पर मुहर भी लगी। नव देवांगन समाज को शासन के सहकारिता विभाग द्वारा पंजीकृत संख्या 122201926801 प्राप्त हुई। शासन द्वारा मान्यता प्राप्त होने पर सभी सदस्यों ने खुशी जाहिर की और सभी ने अपने दायित्वों को समझते हुए समाज को एक नई दिशा एवं दशा पर ले जाने की बात कही। उन्होंने समाज के विकास में हर संभव प्रयास करने पर जोर दिया। इस मौके पर नव देवांगन समाज के अध्यक्ष नित्यानंद देवांगन, उपाध्यक्ष-श्री बलभद्र देवांगन, सचिव- लक्ष्मी चंद देवांगन, सहसचिव- दामोदर देवांगन, कोषाध्यक्ष- संतराम देवांगन, संरक्षक-केदार देवांगन, गोपाल मेहर, समिति के युवा अध्यक्ष- महेन्द्र देवांगन सहित समाज के अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मोटर सायकल से गिरकर वृद्ध घायल

रायगढ़। 25 फरवरी को सुबह 10.47 बजे भूपदेवपुर राइनो को रोड एक्सीडेंट का इवेंट मिला। इवेंट पर भूपदेवपुर राइनों घटनास्थल केराझार पहुंचा। घटनास्थल पर मोटर सायकल चालक तथा पीछे बैठा वृद्ध व्यक्ति मोहन सिदार उम्र 85 वर्ष निवासी नवापारा थाना भूपदेवपुर को मोटर सायकल से गिरने पर चोटें आयी थी। मोटर सायकल चालक घनश्याम सिदार ने मोटर सायकल पर रायगढ़ जाते समय सड़क पर कुत्ते के आ जाने से मोटर सायकल के अनियंत्रित होने से गिरना बताया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य सत्र में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER
HINDI & ENGLISH MEDIUM
SCHOOL

CAREER SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480